सावन, मास , वर्ष-10, अंक 128, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये
प्रयागराज, शुक्रवार 26 जुलाई, 2024
TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण
10 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

कौशलं बलम्
NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE NAINI ALLAHABAD

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन


अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियों का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियों का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25


श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही


श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज


इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association


*JEEVAN EXPRESS NEWS*



PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.

**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**

Enjoy Publicity



# प्रदेश आस/पास



## प्रसार निदेशालय, शुआट्स प्रयागराज द्वारा प्रतापगढ मे कृषक प्रशिक्षण कार्यकम का ओयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज ।** प्रसार निदेशालय, शुआट्स, प्रयागराज के निदेशक प्रसार डा0 प्रवीन चरन के दिशा निर्देशन में ग्राम सराय देवराज, मानधाता, प्रतापगढ मे एक कृषक प्रशिक्षण क्रार्यकम का ओयोजन दिनांक 25.07.2024 को किया गया। प्रशिक्षण कार्यकम का शुभारंभ करते हुए वैज्ञानिक डा0 सरवेन्द कुमार ने किसानों को खरीफ फसलों की उत्पादन तकनक पर चर्चा करते हुए बताया कि धान की रोपाई हेतु 20-25 दिन पुरानी पौध का उपयोग रोपण हेतु करे। उर्वरकों को प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर ही करे। यदि मृदा परीक्षण परिणाम प्राप्त न हो तो प्रति हेक्टर की दर से 60 किग्रा0 फास्फोरस 40 किग्रा0 पोटाश, 25 किग्रा0 जिंक सल्फेट अन्तिम जुलाई के समय खेत मे मिला दे तथा रोपाई के 8-10 दिन पर नाइट्रोजन 40 किग्रा0 प्रति हैक्टर की दर से टॉपड्रेसिंग करे। उन्होन कृषकों को श्रीअन्न की उपयोगिता एवं उत्पदान तकनीक पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि देश मे पैदा की जाने वाली मुख्य श्रीअन्न की फसलो मे ज्वार बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी, सांवा की खेती की जाती है। जलवायु परिवर्तन के दृष्टिकोण से भी ये फसलें अत्यन्त ही उपयोगी है जो सूखा सहनशील, अधिक तापमान, कम पानी की दशा मे और कम उपजाऊ मृदा मे भी आसानी से अच्छा उत्पादन दे सकती है। उन्होने श्रीअन्न की फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक की विस्तारपूर्वक जानकारी किसानों को दी । साथ ही उन्होने कृषि विभाग मे चल रही योजनाओं के बारे में कृषकों को अवगत कराया। क्रार्यकम मे उपस्थित वैज्ञानिक डा0 शैलेन्द्र सिंह ने कृषको को सब्जियों एवं खाद्यान्न फसलों के बीज शोधन के महत्व एवं उपयोग विधि पर चर्चा करते हुए बताया कि बीज शोधन करने से फसल को बीज व मृदाजनित रोगों से बचाया जा सकता है। उन्होनें कहा कि फसल की पौध अवस्था मे लगने वाले रोग जैसे उकठा, पौधगलन आदि रोगों से छुटकारा मिलता है। उन्होने बीज शोधन के लिए काबेन्डाजिम थीरम 2-2.5 ग्राम प्रति किग्रा0 बीज की दर से प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होने फसलों मे रायायनिक उर्वरको को सीमित उपयोग हेतु जागरुक करते हुए कहा कि अधिक उत्पादन प्राप्त करने के दबाव मे कृषक भाई अधिक से अधिक रसायनो का उपयोग अन्धाधुंध व अविवेकपूर्ण तरीके से कते है जिससे कि मृदा उर्वरता स्तर मे दिन प्रतिदिन कमी होती जा रही है साथ ही जल व पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। वर्तमान में ऐसी कृषि प्रद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता है जिसमे लागत कम आर्य उत्पादन अधिक प्राप्त हो गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त हो सथ ही साथ मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण पर भी कोई कुप्रभाव न पडे। उन्होने कृषकों को प्राकृतिक खेती पर जानकारी देते हुए बताया कि यह एक रसायन मुक्त खेती है जो कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों ताथा पारम्परिक कृषि पद्धतियों का उपयोग करते हुए की जाती है। उन्होने कृषकों को जीवामृत, बीजागृत बनाने की विधि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी । कार्यकम मे उपस्थित डा0 मदन सेन सिंह ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रकृति मे संतुलन बनाये रखने हेतु जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए अति आवश्यक है। उन्होने बताया कि आज ग्रीनहाउस गैसे वातावरण मे काफी बढ रही है जिसके कारण जलवायु मे असंतुलन हो रहा है, यदि वृक्षों की इसी प्रकार से कटाई होती रही तो आने वाले समय मे काफी कठिनाइयों का समाना करना पडेगा इन कठिनाइयो से बचने का एक ही उपाय है कि अधिक वृक्षारोपण करें एवं प्राकृतिक संतुलन बनाये रखें, पेड-पौधे अधिक होने से प्राणी जगत को शुद्ध आक्सीजन प्राप्त होगी व वातावरण भी शुद्ध व स्वच्छ रहेगा।




## जेल के बाहर आए पूर्व विधायक उदयभान करवरिया, राज्यपाल के आदेश पर समय पूर्व किया गया रिहा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज ।**पूर्व विधायक उदयभान करवरिया को बृहस्पतिवार को सुबह करीब 7:30 बजे जेल से रिहा कर दिया गया। जवाहर पंडित हत्याकांड में जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे करवरिया को राज्यपाल ने समय पूर्व रिहा करने का आदेश जारी किया था। राज्यपाल ने यह आदेश जिला प्रशासन की उस संस्तुति पर जारी किया था जिसमें जेल में करवरिया का आचरण अच्छा बताया गया था। इसके आधार पर उन्हें राहत देते हुए समय पूर्व रिहाई का आदेश दिया गया। बता दें कि जवाहर पंडित हत्याकांड में उदयभान करवरिया समेत उनके भाई कपिल मुनि करवरिया और सूरजभान करवरिया भी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। बृहस्पतिवार को सुबह जेल के गेट पर उनके परिजन रिहाई के लिए पहुंच गए थे कागजी कार्रवाई पूरा होने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गय जवाहर यादव उर्फ पंडित की हत्या 13 अगस्त 1996 को शहर के सिविल लाइंस इलाके में कर दी गई थी। उस वक्त शाम के करीब साढ़े छह बजे थे। जवाहर यादव अपनी मारुति 800 कार से लाउदर रोड स्थित कार्यालय से अशोक नगर अपने घर जा रहे थे। हमलावर एक मारुति वैन में सवार थे। सभी एके-47 और अन्य घातक असलहों से लैस थे। जवाहर के भाई सुलाकी यादव ने करवरिया बंधुओं पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए सिविल लाइंस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना की जांच शुरू में सिविल लाइंस पुलिस ने और उसके बाद सीबीसीआईडी की इलाहाबाद, लखनऊ और वाराणसी शाखा से कराई गई थी।



## सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में केंद्रीय कारागार नैनी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** बंदियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में दी गयी जानकारी माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज श्री संतोष राय के निर्देशानुसार केंद्रीय कारागार नैनी प्रयागराज में बुधवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज श्री दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों के अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में उन्हें बताया गया। इस कार्यक्रम में विभिनन विधि कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बंदियों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें उनके अधिकार से अवगत कराया गया बंदियों को उनके अधिकारों से अवगत कराते हुए उनके कर्तव्य का भी ज्ञान कराया गया और अच्छे आचरण के लिए उचित मार्गदर्शन किया गया तथा उन्हें अन्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा संचालित योजनाओं व सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी जेलर डॉक्टर आलोक, शिखर वन स्टॉप सेंटर से निलिशा यादव व रोनित चौरसिया उपस्थित रहे। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।



## एसआरएन की व्यवस्था स्ट्रेचर पर, एंबुलेंस के सामानों से चलाया जा रहा काम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज ।**करीब एक महीने पहले एसआरएन अस्पताल में स्ट्रेचर की समस्या गहराई थी। इसके चलते 40 स्ट्रेचरों की मरम्मत कराई गई थी। हालांकि, कुछ ही दिन में 25 स्ट्रेचर कबाड़ हो गए। ऐसे में इतने बड़े अस्पताल में मात्र 15 स्ट्रेचर ही मरीजों के लिए उपलब्ध हैं। वहीं, इसकी भरपाई का काम एंबुलेंस के स्ट्रेचरों से किया जा रहा है। स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) परिसर में हो रहा निर्माण कार्य कई प्रकार की परेशानियों को जन्म दे रहा है।

## थाना बभनी पुलिस ने वांछित दुष्कर्म के अपराधी को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आप0 सोनभद्र के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25.07.2024 को थाना बभनी पुलिस द्वारा थाना बभनी पर दर्ज अभियोग मु0अ0सं0-85/2024 धारा- 137(2), 87, 65(1), 64(2)स, 351 भारतीय न्याय संहिता व 3/4(2), 5(थ)/6 पॉक्सो एक्ट का वांछित दुष्कर्म अपराधी संदीप कुमार पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम सालेनाग (धमकाटोला) थाना बभनी जनपद सोनभद्र उम्र करीब 20 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर सीएचसी बभनी तिराहा स्थित प्रतीक्षालय से समय करीब 05.40 बजे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । **गिरफ्तार करने वाली टीम** 1.प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय, थाना बभनी सोनभद्र । 2.हे0का0 भरत यादव, थाना बभनी सोनभद्र । 3.का0 मन्टु कुमार सिंह, थाना बभनी सोनभद्र । 4.का0 शिवम सिंह, थाना बभनी सोनभद्र ।

















# देश/विदेश




# भारत

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बढ़ी सरगर्मी! बाइडन के लड़खड़ाते भाषण पर ट्रंप ने किया तीखा वार

**वाशिंगटन।** समय के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव दिलचस्प होते जा रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से हटने के बाद जो बाइडन ने पहली बार बुधवार को देश की जनता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह समय अब



युवाओं का है और वह नई पीढ़ी को मशाल सौंप रहे हैं। जो बाइडन के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से हटने के बाद दिए गए संबोधन पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को प्रतिक्रिया दी और बाइडन पर तीखा हमला किया। ट्रंप ने कहा कि बाइडन का भाषण मुश्किल से समझ में आने वाला और यह बहुत बुरा भाषण था। ट्रंप ने यह टिप्पणी बुजुर्ग हो चुके बाइडन के लड़खड़ाते हुए भाषण को लेकर की है।जो बाइडन के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से हटने के बाद दिए गए संबोधन पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को प्रतिक्रिया दी और बाइडन पर तीखा हमला किया। ट्रंप ने कहा कि बाइडन का भाषण मुश्किल से समझ में आने वाला था। उन्होंने कहा कि बाइडन का भाषण बहुत बुरा था। ट्रंप ने यह टिप्पणी बुजुर्ग हो चुके बाइडन के लड़खड़ाते हुए भाषण को लेकर की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर एक पोस्ट में कहा, ठकुटिल जो बाइडन का ओवल ऑफिस में दिया गया भाषण मुश्किल से समझ में आने वाला था, और यह बहुत बुरा था।ठ एक दूसरी पोस्ट में ट्रंप ने बाइडन और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को अमेरिका के लिए बड़ी शर्मिंदगी बताते हुए हमला किया। ट्रंप ने कहा कि बाइडन और झूठ बोलने वाली कमला हैरिस अमेरिका के लिए बहुत शर्मनाक हैं देश के लिं ऐसा समय पहले कभी नहीं आया। बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से अपनी दावेदारी वापस लेने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने गुरुवार को अपने ओवल ऑफिस से संबोधित करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को मशाल सौंपना चाहता हूं। आंतरिक सर्वे में मेरी हार का आकलन किया गया था, इससे परेशान होकर यह फैसला लिया है। मैं अपने साथ डेमोक्रेट साथियों को हार की ओर नहीं खींच सकता।

## सहारा समूह के जमाकर्ताओं को अब तक दिए गए 362 करोड़, अमित शाह बोले- कागज रहित है पूरी प्रक्रिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद को बताया कि इस साल 16 जुलाई तक सहारा समूह की सहकारी समितियों के



4.2 लाख से अधिक जमाकर्ताओं को 362.91 करोड़ रुपये दिए गए हैं। शाह ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि सीआरसीएस सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से इसे आसान बनाया गया है, जिसे 29 मार्च, 2023 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद स्थापित किया गया था। इसका उद्देश्य जमाकर्ताओं को उनके धन को पुनः प्राप्त करने में सहायता करना था। वर्तमान में, आधार से जुड़े बैंक खाते के माध्यम से जांच के बाद जमाकर्ता को केवल 10,000 रुपये तक का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की जांच कर और जमा राशि का प्रमाण प्रस्तुत करने पर पारदर्शी तरीके से धनराशि वापस की जा रहा है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया डिजिटल और कागज रहित है, जिसकी देखरेख सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आर सुभाष रेड्डी और एमिकस क्यूरी गौरव अग्रवाल कर रहे हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्य सभा में बताया कि सड़क मंत्रालय ने फास्टैग के साथ एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में पायलट आधार पर चुनिंदा राष्ट्रीय राजमार्गों पर वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस)- आधारित टोल संग्रह प्रणाली लागू करने का निणन्य लिया है। एक लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इस सुविधा को बेंगलुरु-मैसूरु खंड राष्ट्रीय राजमार्ग-275 और पानीपत-हिसार खंड राष्ट्रीय राजमार्ग-709 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग-71ए) पर पायलट आधार पर लागू किया जाएगा। जीएनएसएस, जीपीएस और ग्लोनास जैसी उपग्रह-आधारित नेविगेशन प्रणालियों के लिए एकसाथ में इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्य सभा में बताया कि सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स में पूर्व अगिन्वीरों के लिए 10 प्रतिशत रिक्तियां आरक्षित करने का निणन्य लिया है। अधिकतम आयु सीमा में छूट का प्रविधान किया गया है। नित्यानंद राय ने एक लिखित प्रशन्‍ के उत्तर में कहा कि पूर्व अगिन्वीरों के लिए सीएपीएफ और असम राइफल्स में कांस्टेबल और राइफलमैन के पद पर भर्ती में शारीरिक दक्षता परीक्षा से भी छूट दी जाएगी। राय ने कहा कि मंत्रालय संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग और संबंधित बलों के माध्यम से रिक्तियों को शीघ्रता से भरने के लिए गंभीर कदम उठाता रहा है और उठाता रहेगा।वित्तीय धोखाधड़ी और धोखेबाजों द्वारा धन की हेराफेरी को रोकने के लिए स्थापित 'नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली' के माध्यम से 7.6 लाख से अधिक साइबर अपराध मामलों में 2,400 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की गई है।

## कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने बाढ़ प्रभावित इलाके का किया दौरा, पीडितों से की बातचीत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अमरावती। देश के कई राज्य इन दिनों भारी बारिशऔर



बाढ़ का सामना कर रहे हैं। कई राज्यों में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। देश के दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश में भी इन दिनों भारी बारिश हो रही है जिसके कारण बाढ़ (इत्दद्) के हालात बन गए हैं। आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस शर्मिला राज्य में बाढ़ की स्थिति की ओर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए कमर तक बाढ़ के पानी में उतर गईं कांग्रेस अध्यक्ष ने पश्चिमी गोदावरी जिले के ताड़ेपल्ली ग्रामीण मंडल के अंतर्गत नंदमुर गांव में बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त फसलों का भी निरीक्षण किया।शर्मिला ने पिछले एक दशक में राज्य को पर्याप्त सहायता न देने के लिए केंद्र सरकार की भी निंदा की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से आंध्र प्रदेश के किसानों के लिए ऋण राहत की दिशा में काम करने का आग्रह किया। शर्मिला ने कहा कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार आंध्र प्रदेश को भारत का हिस्सा नहीं मानती। जबकि बिहार, असम और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों को बाढ़ नियंत्रण और पुनर्वास के लिए अतिरिक्त धनराशि मिली है, वहीं एनडीए शासित आंध्र प्रदेश को बाढ़ के कारण लोगों को हो रही परेशानियों के लिए कोई राहत नहीं मिली है।

## मणिपुर की महिलाओं ने निकाली रैली, असम में मारे गए तीन लोगों के लिए मांगा न्याय


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**चुराचांदपुर।** मणिपुर से कुकी और हमार समुदायों की दो महिला संगठनों ने चुराचांदपुर जिले में एक



रैली की। रैली के दौरान महिला ने असम में पुलिस मुठभेड़ में तीन हमार शख्स की हत्या की सुप्रीम कोर्ट के जज से जांच कराने की मांग की। कुकी महिला संगठन फॉर ह्यूमन राइट्स और हमार महिला संघ द्वारा आयोजित रैली में भाग लेने वाले लोग मुओलवाइफेई खेल के मैदान से शांति मैदान के पास वॉल ऑफ रिमेंबरेंस तक चले असम के कछार जिले में कुछ दिन पहले हुई मुठभेड़ के कारण विवाद शुरू हो गया है। पुलिस ने दावा किया था कि मुठभेड़ में हमार के तीन उग्रवादियों को मारा गया।इसके बाद हमार संगठनों ने मुठभेड़ पर सवाल खड़े किए थे। कई हमार समुदाय संगठनों ने असम पुलिस के साथ कथित मुठभेड़ की निंदा करते राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) से इन न्यायेतर मौतों का स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है। 17 जुलाई को सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा, सुबह-सुबह एक ऑपरेशन में कछार पुलिस ने असम और पड़ोसी मणिपुर के तीन हमार उग्रवादियों को मार गिराया। पुलिस ने दो एके -47 राइफल, एक दूसरी राइफल और एक पिस्तौल भी बरामद की है। दोनों संगठनों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन भी लिखा था, 'हम मामले के तथ्यों को समझने के लिए विस्तृत जांच के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल के गठन का अनुरोध करते हैं।

## भारत और ब्रिटेन ने टीएसआई शुरू करने का किया एलान, कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति; टेक्नोलॉजी के छात्रों को भी मिलेगा फायदा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस



जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इस दौरान दोनों देशों ने यूके-भारत प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल (ऊएघ) को लॉन्च किया। साथ ही दोनों देशों ने इस शुभारंभ का स्वागत किया। दोनों पक्षों ने टेलीकॉम, क्रिटिकल एलीमेंट, सेमी-कंडक्टर, एआई, क्वांटम, बायोटेक और उनन्त सामग्री समेत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग का विस्तार करने के लिए दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) के नेतृत्व में सहमति जताई।समाचार एजेंसी एएनआई की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार टीएसआई के तहत सहयोग में सरकारी, निजी क्षेत्र, अकादमिक और अनुसंधान एवं विकास संस्थान शामिल होंगे। टीएसआई दोनों देशों के बीच 2030 के रोड मैप पर आधारित है और यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। टीएसआई सप्लाई चेन के सिस्टम में सुधार लाने और चिह्नित किए गए महत्वपूर्ण खनिजों के लिए आर्थिक रूप से व्यवहार्य और पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ एक्स्ट्रैक्शन टेकनेलॉजी को विकसित करने में सहायक होगा। टीएसआई सेमीकंडक्टर्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम आदि क्षेत्रों में यूके और भारत के बीच अनुसंधान, व्यापार और निवेश प्रवाह को भी बढ़ावा देगा। साथ ही माना जा रहा है कि यह समझौता भारत में प्रौद्योगिकी की पढ़ाई करने वाले छात्रों को रोजगार के नए अवसर भी देगा। प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग को दोनों देश काफी प्राथमिकता से ले रहे हैं।

## पांच साल में आरक्षित एवं पिछड़े वर्ग के 1100 से अधिक उम्मीदवार बने आईएएस, आईपीएस और आईएफएस केंद्र ने संसद में दी जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि



आरक्षित एवं पिछड़े वर्गों से 1,195 अभ्यर्थियों को पिछले पांच वर्षों में आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों के रूप में नियुक्त किया गया है। केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने लिखित जवाब में बताया कि इनमें से 233 अधिकारी 2018 में, 231 अधिकारी 2019 में, 223 अधिकारी 2020 में, 250 अधिकारी 2021 में और 258 अधिकारी 2022 में नियुक्त किए गए।एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि 2018 से अभी तक लैटरल एंट्री के जरिये विभिनन्‍ क्षेत्रों के 63 विशेषज्ञों की नियुक्तियां की गई है। जिनमें से 35 नियुक्तियां निजी क्षेत्र से की गईं। वर्तमान में ऐसे 57 अधिकारी विभिनन्‍ मंत्रालयों एवं विभागों में कार्यरत हैं। जनशिकायतों से जुड़े सवाल के जवाब में जितेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के जनशिकायत पोर्टल के जरिये दाखिल केंद्र सरकार के विभिनन्‍ विभागों से संबंधित 1,200 शिकायतें लंबित हैं।उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के जरिये दाखिल शिकायत की स्थिति को शिकायत दाखिल करते समय बनी यूनीक रजिस्ट्रेशन आइडी से ट्रैक किया जा सकता है। आरक्षित श्रेणी की लंबित रिक्तियों के संबंध में उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं विभागों से ऐसी रिक्तयों को चिह्नित करने के लिए इन-हाउस कमेटी बनाने और उन्हें विशेष भर्ती अभियान चलाकर भरने के लिए कहा गया है। साथ ही कहा कि आरक्षित श्रेणी की लंबित रिक्तियों समेत पदों का रिक्त होना और उन्हें भरना एक निरंतर प्रक्रिया है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकी जेल जाएंगे या जहन्नुम', केंद्रीय गृह राज्यमंत्री बोले आतंकवाद के खिलाफ केंद्र की जीरो टॉलरेंस की नीति

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में जम्मू और कश्मीर की गुलाबी तस्वीर खींचते हुए कहा कि इस केंद्र



शासित प्रदेश में शांति बहाल हो चुकी है और इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि पिछले साल ही क्षेत्र में दो करोड़ 11 हजार पर्यटक पहुंचे है उन्होंने कहा कि हाल में हुई आतंकी गतिविधियां जल्द ही खत्म हो जाएंगी। वह अपने मकसद में कामयाब नहीं होंगे। कश्मीर में सक्रिय आतंकियों को या तो जेल भेजा जाएगा या फिर जहनन्‍ुम। मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की नीति पर चलती है।केंद्रीय मंत्री राय ने बुधवार को कांग्रेस सदस्य प्रमोद तिवारी के एक सवाल के जवाब में कहा, 'मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आतंकी या तो जेल में होंगे या जहनन्‍ुम में जाएंगे। हम आतंकवाद का खात्मा करेंगे। मोदी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस रखती है।' राय ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में 28 आतंकी मारे गए हैं। सुरक्षा बलों के भी कुछ अफसर बलिदान हुए हैं, जोकि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से अब तक करीब 900 आतंकियों को मार गिराया है। वर्ष 2004-2014 के बीच जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी, तब जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद की 7,217 घटनाएं हुई थीं। जबकि इसी अवधि में 2892 आम नागरिकों और सुरक्षा बलों की जानें गई थीं। लेकिन अब जम्मू और कश्मीर में आतंकी घटनाओं में 69 प्रतिशत की कमी आई है।गृह राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के लोग अब शांतिपूर्ण वातावरण में रह रहे हैं और यहां सुरक्षा की पूरी गारंटी है। जम्मू और कश्मीर में पिछले तीन सालों में पर्यटन क्षेत्र में सालाना औसत 15.13 प्रतिशत विकास दर में इजाफा हुआ है। यहां इस साल जनवरी से जून के बीच कुल 1,08,41,009 पर्यटक पहुंचे। यह कोविड के बाद से पर्यटकों की रिकॉर्ड आमद है।

## हज यात्रा के दौरान 200 से अधिक भारतीयों की मौत', किरेन रिजिजू बोले- दिल का दौरा पड़ने से गई अधिक लोगों की जान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि इस साल हज के दौरान कुल 201 भारतीय हज यात्रियों की मौत हुई। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की सांसद सजदा



अहमद के प्रशन्‍ के लिखित उत्तर में कहा कि ज्यादातर मौतें सांस संबंधी परेशानी और दिल का दौरा पड़ने के कारण हुईं। सजदा ने सवाल किया था कि इस बार हज में कितने भारतीय नागरिकों की मौत हुई। मंत्री ने कहा कि 21 जुलाई 2024 तक हज यात्रा-2024 के दौरान 201 भारतीय हज यात्रियों की मृत्यु हुई है। उनमें से अधिक मौतें सांस संबंधी कारणों और दिल का दौरा पड़ने से हुईं। उन्होंने कहा कि मौत के कुल मामलों में से 70 प्रतिशत से अधिक मौत के मामले 60 वर्ष से अधिक आयु के तीथऱ्यात्रियों के थे। 15वें वित्त आयोग ने लू (हीट वेव) को शामिल करने के लिए अधिसूचित आपदाओं की सूची का विस्तार करने के राज्यों के अनुरोध की जांच की थी, लेकिन इसमें कोई सार्थकता नहीं पाई गई। यह आपदा की सूची में शामिल नहीं होगा। कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत के एक सवाल का जवाब देते हुए लोकसभा में केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 10 साल की अवधि के दौरान भारत में अत्यधिक गर्मी ने 10,635 लोगों की जान ले ली। भगत ने पूछा था कि क्या सरकार लू को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का विचार रखती है। सिंह ने जवाब दिया कि 15वें वित्त आयोग ने मौजूदा अधिसूचित सूची में और अधिक आपदाओं को शामिल करने के मुद्दे पर विचार किया था।

## नेपाल विमान हादसे के बाद सुर्खियों में टेबलटॉप रनवे क्या है ये और भारत में कितने रनवे ऐसे हैं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शौर्य एयरलाइन के एक छोटे विमान में उड़ान भरते समय आग लग गई। बुधवार को हुए इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। जिस वक्त यह हादसा हुआ उस विमान में 19 यात्री मौजूद थे। नेपाल में हुए विमान हादसे ने एक बार फिर टेबलटॉप रनवे को सुखियों में ला दिया है। टेबलटॉप रनवे दुनिया भर में कई बड़ी विमान दुर्घटनाओं का कारण बन चुकी है।नेपाल की राजधानी काठमांडू में शौर्य एयरलाइंस का एक विमान उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हो गई है। विमान में दुर्घटना के वक्त 19 यात्री सवार थे। इस विमान हादसे के बाद एक बार फिर टेबलटॉप रनवे सुखियों में है। जानिए क्या होता है टेबलटॉप रनवे और इस हादसे से क्या है इसका कनेक्शन। टेबलटॉप रनवे एक ऐसा रनवे होता है, जो आमतौर पर ऊंचाई पर स्थित होते हैं। ये रनवे किसी पठार या पहाड़ी इलाके पर होते हैं। इन रनवे के एक या दोनों तरफ गहरी खाई होती है। इसका



मतलब है कि रनवे के एक या एक से ज़्यादा तरफ़ से ढलान बहुत ज़्यादा है। टेबलटॉप रनवे पर प्लेन लैंड कराना काफी कठिन होता है, क्योंकि अगर विमान रनवे से आगे निकल जाता है, तो वह सीधे नीचे गिरेगा। भारत में पांच हवाई अड्डों पर टेबलटॉप रनवे है। जिन हवाई अड्डों पर टेबलटॉप रनवे बने हुए हैं उनमें शामिल है- शिमला, कालीकट, मैंगलोर, लेंगपुई (मिजोरम) और पाक्योंग (सिक्किम)। इनमें से केरल और मैंगलोर के हवाई अड्डों पर पहले भी बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। सिक्किम के पाक्योंग हवाई अड्डा भारत के चुनिंदा टेबलटॉप रनवे में से एक है। इस हवाई अड्डे का निर्माण एक पहाड़ी को काटकर किया गया था। इस एयरपोर्ट को बहुत जोखिम भरा हुआ वाला मानते हैं। यह मिजोरम में बना एक एयरपोर्ट है, जिसका नाम लेंगपुई एयरपोर्ट है। यह एक टेबलटॉप एयरपोर्ट है। इसके दोनों तरफ घाटियां हैं। इस एयरपोर्ट रनवे के नीचे पानी की धाराएं बहती हैं। इस एयरपोर्ट को बहुत जोखिम भरा हुआ वाला मानते हैं। भारत के मैंगलोर एयरपोर्ट भी एक टेबलटॉप एयरपोर्ट है। मई 2010 में यहां एक बड़ी दुर्घटना हुई थी। इस दुर्घटना में एयर इंडिया का एक विमान टेबल-टॉप रनवे से आगे निकल गया था। यह विमान एक पहाड़ी से नीचे गिरने के बाद आग की चपेट में आ गया था। इस हादसे में चालक दल के छह सदस्यों सहित 158 यात्री मारे गए। दस साल बाद, 7 अगस्त, 2020 को एक और टेबलटॉप रनवे हादसे का गवाह बना। दुबई से कोझिकोड के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान कोविड महामारी के कारण फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए वंदे भारत मिशन का हिस्सा थी। विमान टेबलटॉप रनवे से फिसल गया और नीचे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में उननीस यात्रियों और दोनों पायलटों की मौत हो गई, लेकिन 169 अन्य बच गए।


## समुंद्र के बीचों-बीच नौसेना ने बचाई दुश्मन की जान, देवदूत बनकर पहुंची भारतीय नौसेना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने एक बार फिर अपने साहस और मानवीयता का परिचय दिया है। मुंबई से 200 समुद्री मील दूर, एक चीनी जहाज के नाविक को चोट लग गई। भारतीय नौसेना को झोंग शान मेन नाम के जहाज से मदद की गुहार मिली थी। नौसेना ने आनन-फानन में उसकी मदद की। भारतीय नौसेना का हेलीकॉप्टर समुद्री बचाव समन्वय केंद्र के निर्देश पर नाविक को सुरक्षित लेकर आय नौसेना ने कहा कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी), मुंबई को मंगलवार को मुंबई से 200 समुद्री मील (लगभग 370 किमी) दूर मालवाहक पोत 'झोंग शान मेन' से एक आपात संदेश प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि संदेश में 51 वर्षीय चीनी नाविक के गंभीर रूप से घायल होने और काफी खून बहने की जानकारी दी गई तथा उसे तत्काल सुरक्षित निकालने का अनुरोध किया गया।चिकित्सा आपातकाल की स्थिति में भारतीय नौसेना वायु स्टेशन आईएनएस शिकरा से सुबह 0550 बजे एक सीकिंग हेलीकॉप्टर भेजा गया। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद मरीज को जहाज के ब्रिज विंग से सफलतापूर्वक एयरलिफ्ट किया गया। भारतीय नौसेना ने समुद्र में गंभीर रूप से घायल हुए चीनी नाविक की जान बचाई है। चीनी नाविक को भारतीय नौसेना के हेलीकॉप्टर के जरिए एयरलिफ्ट किया गया है। नौसेना ने जिस चीनी नाविक की जान बचाई है वह चोट लगने की वजह से समुद्र में गंभीर रूप से घायल हो गया था। सोशल मीडिया पर नौसेना के जज्बे की बहुत तारीफ हो रही है।





# स्पोर्ट्स



## नए कोच गौतम गंभीर के कार्यकाल में इतिहास रचेगी भारतीय टीम रोबिन उथप्पा ने दे डाली बड़ी सलाह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर रोबिन उथप्पा भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच गौतम गंभीर की अगुआई में खेल चुके हैं। श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में गंभीर का पहला दौरा है। उथप्पा का मानना है कि यह दौरा युवाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण और स्वयं को साबित करने वाला होगा। साथ ही कोच गंभीर को लेकर उन्होंने बताया कि वह आगे की सोचते हैं, जो उन्हें अलग बनाता है। सुकांत सौरभ ने रोबिन उथप्पा से विशेष बातचीत की, पेश हैं मुख्य अंश.. सवाल- टी-20 में अलग कप्तान, वनडे में अलग और नए कोच की अगुआई श्रीलंका दौरे से भारतीय क्रिकेट के एक नए युग का प्रारंभ हो रहा है। इसे आप कैसे देखते हैं जवाब- यह बहुत ही रोचक समय है। युवाओं के लिए यह दौरा बहुत महत्वपूर्ण है। टीम में स्थान बनाने के लिए भी यह जरूरी है। युवाओं पर प्रदर्शन करने



का दबाव होगा। हमेशा जब कोई नया कप्तान और नया कोच आता है तो खिलाड़ियों को पता होता है कि चीजें बदलेंगी। एक-दो दौरे के बाद यह पता चल जाएगा कि स्थायी टीम क्या होगी, इसलिए यह सीरीज बहुत महत्वपूर्ण है। गौतम गंभीर की बात करूं तो वह थोड़ा आगे की सोचते हैं। मैंने उनके नेतृत्व में खेला है तब भी वह एकाध ओवर आगे की सोचते थे। कोच के रूप में भी वह आगे की सोच को ध्यान में रखकर ही निणन्य लेंगे। यही उन्हें अलग बनाता है।सवाल- सूर्यकुमार अब टी-20 के नए कप्तान हैं। हार्दिक को न कप्तानी मिली और न वनडे में जगह। आपके अनुसार क्या इसका प्रभाव टीम पर पड़ेगा जवाब- टी-20 में टीम में सूर्यकुमार बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वह बहुत ही परिपक्व हैं। गौतम गंभीर के साथ उनका संबंध भी बहुत अच्छा रहा है। वह अपना दायित्व बखूबी निभाते हैं। मेरे अनुसार यह एक सकारात्मक पहल है। हार्दिक के कार्यभार प्रबंधन को ध्यान में रखकर भी यह पहल की गई है। मुझे नहीं लगता है कि उनका दायित्व कम होने वाला है, पर कप्तानी का अतिरिक्त दबाव प्रबंधन उन्हें नहीं देना चाहता है। तेज गेंदबाजी आलराउंडर भारत में बहुत कम रहे हैं और उनपर स्वयं बहुत दबाव होता है।हार्दिक के चोटिल होने की संभावना अधिक होती है, इसे भी ध्यान में रखा गया है। वनडे में उन्हें स्थान नहीं मिलने का कारण मुझे लगता है कि कार्यभार प्रबंधन ही है। सवाल- गुरु गंभीर पर क्या भारतीय टीम का कोच होने का अतिरिक्त दबाव होगा? उनके कार्यकाल में टीम को कई बड़े टूर्नामेंट खेलने हैं। क्या हम कई इतिहास बनते देखेंगे जवाब- मुझे लगता है कि दर्शक के रूप में हमें अपनी गलतियों से सीखना भी चाहिए। हमारे खिलाड़ियों, कोच सब भी बहुत दबाव होता है। आप अगर ये टी-20 विश्व कप छोड़ दें तो हमने इससे पहले तक राहुल भाई (द्रविड़) के बारे में ज्यादा अच्छी बातें नहीं की है। मेरे हिसाब से हमें धैर्य रखना चाहिए। इस नई टीम, कोच और कप्तान सभी को स्थिरता प्राप्त करने का समय देना चाहिए क्योंकि जब भी नेतृत्व बदलता है यह मानव स्वभाव है कि संतुलित होने में समय लग जाता है। हम सर्वश्रेष्ठ की आशा करेंगे, परंतु उन्हें थोड़ा समय देना सबसे जरूरी है। सवाल- श्रीलंका दौरे पर रुतुराज और अभिषेक के चयन नहीं होने को आप कैसे देखते हैं? क्या उनका टीम में स्थान बनाना मुश्किल है जवाब- जब भी नेतृत्व बदलता है आप सभी को खुश नहीं कर सकते हो। मुझे भरोसा है कि रुतुराज क्योंकि स्वयं कप्तान हैं इस बात को समझ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि वह दौड़ से बाहर हैं। उन्होंने जिंबाब्वे में दिखाया है कि उनका क्लास क्या है। मुझे यकीन है कि वह वापस टीम में आएंगे और गौतम गंभीर और रोहित शर्मा अच्छे खिलाड़ियों को टीम से बहुत दिनों तक बाहर नहीं रखते हैं।यह केवल समय की बात है अभी नेतृत्व बदला है इसलिए एक सुढ़ टीम बनने में थोड़ा समय लगेगा। मुझे लगता है कि यह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए अच्छी समस्या है कि हमारे पास इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि कई अच्छे खिलाड़ी हमारे बैकअप में हैं। यही बात अभिषेक शर्मा पर भी लागू होती है। उनके लिए भी यह केवल कुछ समय की बात है। वह भी जल्द टीम का हिस्सा होंगे। हालांकि, अगर आप चारों ओपनर की तुलना करेंगे तो हमें पता है कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल हमारी पहली पसंद होंगे। शुभमन भारत के भविष्य हैं। वह आने वाले समय के कप्तान हैं।

## इंग्लैंड के बल्लेबाज का बड़ा दावा, कहा- टेस्ट मैच में एक दिन इंग्लैंड तोड़ेगा 1936 का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनकी टीम ओली पोप ने यह भी कहा कि एक दिन इंग्लैंड 600 रन बना सकती है। टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में



टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के अंदर 600 रन बना सकती है और इस बल्लेबाज ने आक्रामक 'बैजबॉल' क्रिकेट से पीछे हटने को सिरे से खारिज कर दिया। टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड इंग्लैंड के नाम पर ही ह इंग्लैंड ने 1936 में भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए मैच के दूसरे दिन छह विकेट पर 588 रन बनाए थे और पोप का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम इस रिकॉर्ड को तोड़ सकती है। पिछले दिनों वेस्टइंडी के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने दोनों पारियों में 400 का आंकड़ा पार करने का रिकॉर्ड बनाया था।इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने बैजबॉल क्रिकेट को लेकर बड़ा बयान दिया है। पोप ने कहा कि वह इससे पीछने हटने के पक्ष में नहीं हैं। सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर ही है। इंग्लैंड ने साल 1936 में 588 रन बनाए थे पोप ने कहा, कभी-कभी हम एक दिन में 280 या 300 रन बना सकते हैं क्योंकि हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में कभी ऐसा दिन आए जब हम 500 से 600 रन बना लें और यह अच्छा रिकार्ड होगा। इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 506 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैचों की सीरीज में अभी 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखी है। उसने पहले टेस्ट मैच में पारी के अंतर से और दूसरे मैच में 241 रन से जीत हासिल की थी।

## एवा ली ने महिला क्रिकेट में 9 विकेट लेकर रचा नया इतिहास

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** साउदर्न वाइपर्स अकादमी की ऑफ स्पिनर एवा ली थे।साउदर्न वाइपर्स अकादमी की ऑफ स्पिनर एवा ली ने महिला वनडे क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बना डाला।



ने महिला क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बना डाला। बैमफोर्ड फील्डहाउस क्रिकेट क्लब में थंडर अकादमी के खिलाफ 2 रन खर्च कर 9 विकेट चटकाए। एवा ली ने 1962 के बाद सीनियर महिला क्रिकेट की एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाया। 7.3 ओवर में 5 ओवर मेंडन किए। मैच में साउदर्न वाइपर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। थंडर अकादमी के सलामी बल्लेबाज टीएन केस्टवेन (26) और जी हेमस्टेड (32) ने पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़ कर टीम को बेहतरीन शुरुआत दी। हालाकिं, केस्टवेन के आउट होने के बाद थंडर की टीम ने मैच में वापसी की और 14.1 ओवर में 16 रन पर 10 विकेट गंवा दिए। वाइपर्स ने पहले दिन स्टंप्स तक 226/6 रन बना लिए एवा ली ने थंडर अकादमी के खिलाफ 7 ओवर में पांच मेडन के साथ दो रन खर्च कर 9 विकेट चटकाए। एवा ने 1962 के बाद सीनियर महिला क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाया। साल 1962 में रोजमेरी व्हाइट ने बिना कोई रन दिए 10 विकेट लिए थे। थंडर अकादमी के इस पतन का मुख्य कारण वाइपर्स की ऑफ स्पिनर एवा ली रहीं, जिन्होंने पारी के पहले आठ विकेट लिए। एवा ली ने 7.3-5-2-9 के साथ उम्दा प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाजों को छोड़कर केवल दो अन्य थंडर बल्लेबाज ही स्कोर करने में सफल हुए। हालांकि, थंडर टीम के स्कोर में14 अतिरिक्त रन (पांच पेनल्टी सहित) भी शामिल थे। अपने उम्दा प्रदर्शन के चलते एवा ली ने 1962 के बाद सीनियर महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## पेरिस ओलंपिक की शुरुआत में ही मचा बवाल अर्जेंटीना फुटबॉल टीम पर हुआ हमला; पटाखों का शोर सुन बाहर भागे खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 की बुधवार यानी 24 जुलाई को फुटबॉल और रग्बी मैच के साथ शुरुआत हुई। खेलों के महाकुंभ का फैंस को जितना इतंजार था, उस हिसाब से खेलों की शुरुआद विवाद के साथ हुई। फुटबॉल इवेंट की शुरुआत विवाद और हिंसा से हुई। जैसे ही अर्जेंटीना और मोरक्को के बीच खेले गए मैच में ग्रुप बी में खिलाड़ियों के बैंच पर प्ेयर्स बोतलों से हमला हुआ। पेरिस ओलंपिक 2024 के फुटबॉल इवेंट में 16 टीमें शामिल हैं और इन्हें चार समूहों में विभाजित किया गया है। हर ग्रुप में चार टीमें हैं। पेरिस ओलंपिक की शुरुआत 24 जुलाई से हो चुकी है। अर्जेंटीना और मोरक्को के बीच फुटबॉल मैच खेला गया। रोमांच से भरे इस मैच के आखिरी मिनट में फैसला पलट गया। एक समय ऐसा लग रहा था कि मोरक्को आसानी से जीत जाएगी लेकिन अर्जेंटीना ने आखिरी में गोल करके मैच 2-2 की बराबरी पर ला दिया लेकिन नाराज फैंस ने खिलाड़ियों पर हमला किया। सभी चार ग्रुप की दो टॉप टीमें क्वार्टर फाइनल के



लिए आगे बढ़ेंगी, जिससे नॉकआउट मैच की शुरुआत होगी। शुरुआती मैच में अर्जेंटीना को मोरक्को के खिलाफ 1-2 से सनसनीखेज हार का सामना करना पड़ा। इस मैच से ज्यादा विवाद सुखियों में रहा। आइए जानते हैं क्यों फैंस ने नाराज होकर मैदान पर खिलाडियों पर हमला किया। दरअसल, पेरिस ओलंपिक 2024 की शुरुआत फुटबॉल इवेंट से हुई, जिसमें अर्जेंटीना का सामना मोरक्को टीम से हुआ। इस मैच की शुरुआत जवियर मास्केरानो के दल के लिए विपरीत थी, जब मोरक्को ने पहले हाफ में अंतर बना लिया और दूसरे हाफ में क्रिस्टियन मदीना ने शानदार गोल करके अर्जेंटीना को बराबरी पर ला दिया। मैच 2-2 की बराबरी पर खत्म हो गया था, लेकिन स्टेडियम में बैठे मोरक्को के फैंस इस बात को नहीं पचा सके, जिसके बाद वह नाराज होकर मैदान पर जशन मना रहे अर्जेंटीना के खिलाड़ियों पर बोतलें फेंकने लगे। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मजबूरन मैदान से बाहर जाना पड़ा और फिर पता चला कि मैच पूरा नहीं हुआ था, बल्कि निलंबित कर दिया गया था। एक घंटे के बाद नियम के तहत गोल को ऑफसाइड माना गया और आखिरी मिनट में अर्जेंटीना द्वारा किए गए गोल को नहीं माना गया। मैच के अधिकारियों ने खिलाड़ियों को 20 मिनट वार्म-अप के लिए बुलाया और 3 मिनट बाद खेल दर्शकों को बंद दरवाजे के पीछे खेला गया।

## जो रूट नंबर-1 बनने के करीब, हैरी ब्रूक ने भी लगाई लंबी छलांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज के दूसरे



टेस्ट में जो रूट ने शानदार शतक जमाया। जो रूट को इस शतक का बड़ा फायदा मिला है। आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में जो रूट नंबर-1 पोजिशन के करीब पहुंच गए हैं। जो रूट नंबर 1 पर पहुंचने से सात रेटिंग प्वाइंट से पीछे रहे गए। मौजूदा समय में केन विलियमसन 859 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ नंबर 1 पर है, जबकि जो रूट 852 प्वाइंट्स के साथ दूसरे पायदान पर है। उनके अलावा इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने टेस्ट रैंकिंग में छलांग लगाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में जो रूट नंबर-1 के करीब पहुंच गए हैं। टेस्ट बैटर्स रैंकिंग में जो रूट नंबर-1 पोजिशन हासिल करने से 7 रेटिंग प्वाइंट्स से चूक गए। फिलहाल नंबर-1 पर केन विलियमसन है। वहीं उनके अलावा हैरी ब्रूक को भी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है और वह नंबर 3 पर मौजूद हैं। दरअसल, आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में टॉप पर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन 859 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ मौजूद है, जबकि जो रूट के पास 852 प्वाइंट्स है। हैरी ब्रीक तीसरे नंबर पर हैं। ब्रूक ने आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में चार स्थान की छलांग लगाई। हैरी ने बाबर आजम, स्टीव स्मिथ और रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। इन सभी को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। बता दें कि हैरी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 109 रन की पारी खेली थी, जिसके बाद उन्हें आईसीसी रैंकिंग में बंपर फायदा मिला। ये उनके टेस्ट क्रिकेट की अभी तक की बेस्ट रेटिंग रही। भारतीय टीम के तीन बैटर्स आईसीसी रैंकिंग में टॉप 10 में मौजूद है, जिसमें रोहित शर्मा सातवें पायदान पर 751 प्वाइंट्स के साथ है।

## क्या रोहित शर्मा-विराट कोहली नहीं खेल पाएंगे वनडे वर्ल्ड कप 2027 आशीष नेहरा ने बताया ये खिलाड़ी ले सकते हैं जगह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा और विराट ने वनडे और टेस्ट खेलते रहेंगे। श्रीलंका दौरे पर रोहित और विराट भारतीय वनडे टीम का हिस्सा भी



कोहली के भविष्य को लेकर आशीष नेहरा ने बड़ा बयान दिया है। पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा का मानना है कि वनडे वर्ल्ड कप 2027 में रोहित-विराट का खेलना उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और साई सुंदर्शन उन्हें पुश करेंगे गौरतलब हो कि रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दोनों हैं। हालांकि, इनके भविष्य को लेकर बहस छिड़ चुकी है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने रोहित और विराट को लेकर बड़ा बयान दे दिया है।आशीष नेहरा ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य पर बड़ा बया दिया है। आशीष नेहरा ने कहा कि वनडे वर्ल्ड कप 2027 खेलते हैं तो इससे बेहत कुछ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ये दोनों को फिजिकली और मेंटली रूप से स्वस्थ होना अहम है। हालांकि शुभमन गिल यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन रन बनाएंगे और दोनों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पुश करेंगे। स्पोर्ट्स तक से बात करते हुए आशीष नेहरा ने कहा, दोनों का फिजिकल और मेंटल स्वस्थ होना अहम है। ऐसी चीजें इस बात पर निर्भर करती है कि आपके अंदर कितना जुनून और प्रेरणा है। रोहित और कोहली में इसकी कोई कमी नहीं है। उनके अंदर जुनून है उसी कारण वह यहां तक पहुंचे हैं। शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन रन बनाएंगे और पुश करेंगे। इसी कारण विराट कोहली और रोहित शर्मा को अपना स्तार बढ़ाते रहना होगा और दोनों ने पहले भी ऐसा किया है आशीष नेहरा ने आगे कहा, 2027 अभी बहुत दूर है। हालांकि, अगर आप मुझसे पूछेंगे तो मैं हमेशा 18 का रहना चाहता हूं। मैं रिटायर नहीं होना चाहता। अगर आप गंभीर को मौका दें और उनसे कहेंगे कि आपका शरीर फिट है तो वह कहेंगे कि सुदर्शन को छोड़ें, मैं तैयार हूं। चार साल में काफी समय है, लेकिन यह शानदार है। अगर ऐसा होता है तो इससे अच्छा और कुछ नहीं हो सकता।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## आखिर क्या वजह थी जो मोहम्मद शमी करने वाले थे खुदकुशी करीबी दोस्त ने सुनाया अनसुना किस्सा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी (शर्दीप्स् ऍप्स) के एक दोस्त ने खुलासा किया है कि शमी ने एक बार आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उनके दोस्त उमेश कुमार ने बताया कि शमी बालकनी पर खड़े थे और वह खुदकुशी करने वाले थे, लेकिन उन्हें समय पर बचा लिया गया। इसके पीछे का कारण उनके साथ काफी ऐसी चीजें रही, जिससे वह काफी परेशान थे। शमी के परिवार ने इस घटना की पुष्टि की है, लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा जानकारी देने से इनकार किया दरअसल, भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी (शर्दीप्स् ऍप्स) एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटर हैं और भारतीय क्रिकेट टीम में उनकी क्या अहमियत है, इससे हर कोई वाकिफ हैं। शमी का किकेट करियर काफी उतार-चढ़ाव से भरपूर रहा। उन्होंने अपनी जिंदगी में काफी मुश्किलों का सामना किय टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की पर्सनल लाइफ भी काफी सुखियों में रही है। उनकी वाइफ हसीन जहां ने उन पर मैच फिक्सिंग यौन उत्पीड़न जैसे कई आरोप लगाए। शमी इन सभी चीजों को लेकर एक बार इतने ज्यादा दिमाग से परेशान हो गए थे कि अपनी पतनी द्वारा लगाए आरोप से परेशान थे। उनकी वाइफ हसीन जहां ने उनपर मैच फिक्सिंग, दहेज के खिलाफ मैच फिक्सिंग ये मैं नहीं सह सकता।शमी के करीबी दोस्त उमेश ने आगे कहा मैं समझ गया



वह एक बार बालकनी से कूदने तक का सोच रहे थे। उनके दोस्त ने हाल ही में खुलासा किया है हाल ही में उनके करीबी दोस्त उमेश कुमार ने शमी से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया। शमी के दोस्त ने बताया कि उनकी लाइफ में एक समय ऐसा भी आया था जब वह पूरी तरह परेशान थे और आत्महत्या करना चाहते थे। वह और यौन उत्पीड़न जैसे आरोप लगाए थे उमेश कुमार ने शुभांकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर कहा कि शमी मेरे साथ मेरे घर पर ही रहता था हर चीजों से लड़ रहा था, लेकिन जब पाकिस्तान के साथ मैच फिक्सिंग का आरोप लगा और जांच बैठी तो वे टूट गए। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं सब कुछ सहने के लिए तैयार हूं, लेकिन पाकिस्तान था कि क्या हो रहा है। वो रात इसके जीवन की सबसे कयामत की रात थी। दुखों की रात थी। फिर एक दिन हम दोनों लेट के गप्पे मार रहे थे। फिर हमारे पास मैसेज आया कि शमी को क्लीन चिट मिल गई है। वह दिन शमी के लिए वर्ल्ड कप जीतने से भी ज्यादा खुशी का दिन था। वो शमी और इस शमी में काफी अंतर आ गया है।

# सम्पादकीय

## राहत की दरकार से ज्यादा सरकार को टिकाए रखने वाला बजट

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा सातवीं बार पेश किया गया। वर्ष 2024-25 का बजट में बेशक देश की आर्थिकी के विकास को आगे बढ़ाने वाला दूरगामी बजट है, लेकिन आम लोगों को बजट से तत्काल बड़ी राहत की जो उम्मीदें थीं, वह नदारद हैं। पहली नजर में यह साफ है कि मोदी सरकार की प्राथमिकता अपनी गठबंधन सरकार को बचाए रखने की है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा सातवीं बार पेश देश के वर्ष 2024-25 के बजट में लोकसभा चुनाव के दौरान चर्चा में रही मोदी गारंटी की छाया ज्यादा नहीं दिखाई दी। बेशक यह बजट देश की आर्थिकी के विकास को आगे बढ़ाने वाला दूरगामी बजट है, लेकिन आम लोगों को बजट से तत्काल बड़ी राहत की जो उम्मीदें थीं, वह नदारद हैं। दरअसल, पहली नजर में यह साफ है कि मोदी सरकार की प्राथमिकता अपनी गठबंधन सरकार को बचाए रखने की है, जिस तरह जदयू और टीडीपी की बैसाखियों पर यह एनडीए सरकार चल रही है, उसके चलते बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहरबानी होना स्वाभाविक ही था। हालांकि, मोदी सरकार ने नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू द्वारा उनके राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग ठुकरा दी है, लेकिन वो समर्थन के बदले केन्द्र से ज्यादा हिस्सेदारी मांगते और लेते रहेंगे, यह तय है।हैरानी की बात यह है कि इस साल जिन चार राज्यों महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं, उन्हें भी बजट में कुछ खास नहीं दिया गया है। लेकिन दीर्घकालीन विकास की दृष्टि से देखें तो यह बजट विकास की बुनियाद को मजबूत करने तथा उसी दिशा में आगे बढ़ने के संकल्प से प्रेरित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां इसे दूरगामी और देश को नई ऊंचाई पर ले जाने वाला बजट बताया है वहीं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसे 'कुर्सी बचाओ बजट' की संज्ञा दी है। इस बजट से यह राजनीतिक संदेश भी स्पष्ट है कि मोदी सरकार को अपनी मजबूती पर पूरा भरोसा है। साथ ही उसे इस साल होने वाले चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीतने के लिए किसी लोकलुभावन टोटके की गरज नहीं है। अब यह मोदी सरकार का आत्मविश्वास है अथवा अति आत्मविश्वास, यह तो विस चुनाव नतीजों से पता चल जाएगा।पूरे बजट को अगर राजनीतिक नजरिए से देखें तो मोदी सरकार 3.0 के बजट में वित्त मंत्री ने लोकसभा चुनाव का नरेटिव बदलने वाले मुख्य मुद्दे जैसे कि बेरोजगारी, महंगाई व किसानों की समस्या आदि को एड्रेस तो किया है, लेकिन आराम के साथ और वो भी कुछ घुमा फिरा कर। बेरोजगारी की बात करें तो वित्त मंत्री एक भी ऐसी घोषणा नहीं की, जिससे यह संदेश जाए कि खुद सरकार बड़े नियोक्ता के रूप में सामने आना चाहती है। इस मामले में ज्यादातर भरोसा निजी क्षेत्र और स्वरोजगार पर जताया गया है। सरकार बड़ी 500 कंपनियों में इंटर्न शिप करने वाले युवाओ को पांच हजार रुपये का मासिक भत्ता देगी। लेकिन कितनी कंपनियां अनिवार्य रूप से इंटर्न रखेंगी और कितने इंटर्न रखेंगी, इसका कोई रोड मैप वित्त मंत्री ने नहीं दिया है। कांग्रेस नेता पी. चिदम्बरम ने इस पर यह कहकर चुटकी ली कि इंटर्नशिप भत्ते का प्रावधान कांग्रेस का घोषणा-पत्र पढ़कर किया गया लगता है। दूसरी तरफ सरकार का जोर रोजगार कौशल विकास और अन्य रोजगार के अवसर बढ़ाने पर है। जबकि युवाओ को उम्मीद थी कि सरकार बड़े पैमाने पर सीधी भतियों का ऐलान करेगी। लेकिन वैसा कुछ बजट में नहीं है। अलबत्ता बजट में देश के 4.1 करोड़ युवाओं के लिए पांच साल में रोजगार-कौशल और अन्य अवसरों के लिए प्रधानमंत्री की पांच योजनाएं और पहले की गई हैं, जिनमें ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को 15 हजार रुपये तक के एक महीने का वेतन तीन किस्तों में देना, कर्मचारी और नियोक्ता दोनों को सीधे विनिर्दिष्ट स्केल पर प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराना जो नौकरी के पहले चार साल में दोनों के ईपीएफओ योगदान पर निर्भर है। सरकार नियोक्ता को उसके ईपीएफओ योगदान के लिए दो साल तक हर अतिरिक्त कर्मचारी पर 3000 हजार रुपये प्रत्येक महीना भुगतान का प्रावधान है। साथ ही अगले पांच साल की अवधि में 20 लाख युवाओं का कौशल बढ़ाने की बात कही गई है। सीधे नौकरी देना और नौकरी पाने के हालात पैदा करना दोनो अलग अलग बातें है। इसी तरह महंगाई को लेकर भी सरकार खास चिंता में नहीं दिखी। उसने जनता को सीधे मिलने वाली किसी राहत का ऐलान नहीं किया। जहां तक किसानों की बात है तो बजट में कृषि और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये की घोषणा हुई है।

## आंकड़ों में दूसरा यथार्थ भी छिपा है, सरकार के लिए चुनौती पेश करेंगे कुछ विरोधाभास

राजकोषीय लिहाज से बजट के आंकड़े प्रभावशाली हैं। नई घोषणाएं भी पर्याप्त हैं। लेकिन एक तरफ बाजार में निवेश बढ़ाने की बात की जा रही है, तो दूसरी तरफ कर ढांचे के बदलाव विरोधाभासी प्रतीत होते हैं। इस तरह के विरोधाभासों से निपटना सरकार के लिए चुनौती होगी।बीते नौ जून को सत्ता में आई नई राजग सरकार का यह पहला पूर्ण बजट है। यह बजट कई मायनों में खास है, जो अगले पांच वर्षों के दौरान आर्थिक प्रबंधन के लिए नीतिगत ढांचे का प्रतिबिंब है। बजट की शुरुआत दो सावधानियों के साथ होती है-बढ़ती वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और वैश्विक मुद्रास्फीति का बढ़ता जोखिम। बजट भाषण में वित्त मंत्री द्वारा इन दो वैश्विक जोखिमों का उल्लेख दर्शाता है कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था इन वैश्विक जोखिमों के प्रति कितनी संवेदनशील है वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि इन जोखिमों के बावजूद भारत के विकास की गति बनी रहेगी। लेकिन इसके लिए एक स्थिर व व्यापक आर्थिक व्यवस्था, टिकाऊ ऋण और घरेलू निवेश व उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी बेहद जरूरी है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए केंद्रीय बजट 2024-25 में नौ प्राथमिकताएं बताई हैं। इनमें उत्पादकता, नौकरियां, सामाजिक न्याय, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, नवाचार और सुधार शामिल हैं। इन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं हाल के वर्षों में बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती रही है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि इस बार बजट में रोजगार, कौशल विकास, लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम आकार के उद्यम (एमएसएमई) एवं मध्यवर्ग पर खास ध्यान दिया गया है। बजट में रोजगार बढ़ाने या निजी क्षेत्र में रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय से संबंधित जिन पांच योजनाओं की घोषणा की गई है, वे समावेशी विकास और सामाजिक विकास के लिए सक्षम ढांचा बना सकती हैं। ये घोषणाएं इस तथ्य को भी रेखांकित करती हैं कि बेरोजगारी इस समय देश के सामने सबसे गंभीर एवं व्यापक आर्थिक समस्याओं में से एक है। कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र और रोजगार के अवसरों के बीच अंतर को पाटने के लिए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस मुद्दे को संबोधित करने के उद्देश्य से 2 ट्रिलियन (बीस खरब) रुपये के प्रधानमंत्री पैकेज के हिस्से के रूप में एक नई केंद्र प्रायोजित योजना की भी घोषणा की। 60 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना का लक्ष्य राज्य सरकारों और उद्योग के सहयोग से अगले पांच वर्षों में बीस लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रदान करना है। कौशल के परिणाम और गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो पाठ्यक्रम सामग्री और डिजाइन उद्योग की जरूरतों के अनुरूप है। 60 हजार करोड़ रुपये में से, राज्य सरकारें 20 हजार करोड़ रुपये और उद्योग जगत 10 हजार करोड़ रुपये का योगदान देगा, जिसमें उसके कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड भी शामिल हैं। इस बजट में अगली पीढ़ी के सुधारों से संबंधित कई घोषणाएं की गई हैं। ये सुधार भूमि, श्रम, पूंजी, केंद्र-राज्य समन्वय और प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधित हैं। बजट में जलवायु अनुकूलन और शमन के लिए पूंजी की उपलब्धता बढ़ाने की खातिर सक्षम ढांचा बनाने पर भी जोर दिया गया है। इनमें से अधिकांश सुधारों का क्रियान्वयन राज्यों के अधिकार क्षेत्र में है। खास तौर से भूमि से संबंधित कोई भी सुधार राज्य सरकारों को ही करना होगा। संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, भूमि पर अधिकार, जमींदार और किरायेदार के संबंध सहित भूमि का स्वामित्व, और किराये का संग्रह; कृषि भूमि का हस्तांतरण तथा भूमि सुधार राज्य के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। पिछले दो दशकों में भूमि एवं भूमि बाजार में सुधार की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कुछ राज्यों में भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण एक बड़ी कामयाबी है। इस संबंध में राज्य स्तर पर व्यावहारिक भूमि संबंधी नीतिगत सुधारों के लिए विभिनन्न राज्य स्तरीय नीतियों को समझना महत्वपूर्ण है। इस मामले में केंद्र सरकार केवल राज्यों को सक्षम बना सकती है। ये सुधार केंद्र सरकार द्वारा संचालित नहीं किए जा सकते। इसलिए ऐसे सुधारों के कार्यान्वयन की सफलता के लिए राज्य सरकारों के साथ परामर्श प्रक्रिया की शुरुआत करनी होगी। इस बजट में आयकर ढांचे में इस तरह परिवर्तन किया गया है कि आयकर भुगतान के बाद लोगों के हाथों में ज्यादा पैसा बचा रहे। इसके लिए मूल छूट सीमा को बढ़ाया गया है, जिसके तहत वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती में छूट सीमा भी 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दी गई है। बजट में आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की भी घोषणा की गई है। चूंकि आधुनिक कर प्रणाली सरल और प्रशासन में आसान है, इसलिए आयकर अधिनियम की समीक्षा बेहद महत्वपूर्ण है। आयकर स्लैब में भी बदलाव किया गया है, जिससे आय वितरण के निचले छोर पर रहने वाले लोगों को मदद मिलेगी। हालांकि आयकर व्यवस्था वेतनभोगी और मध्यम वर्ग के हाथों में कर चुकाने के बाद अधिक आय प्रदान करती प्रतीत होती है। चूंकि ज्यादातर लोग नई कर व्यवस्था चुन रहे हैं, नए बजट के प्रावधानों के अनुसार, अब आम लोगों के हाथ में ज्यादा खर्च योग्य आय बचेगी, जिससे उन्हें महंगाई से निपटने में भी सहूलियत मिलेगी। लेकिन कैपिटल गेन टैक्स की दर में बदलाव, उन बदलावों के अनुरूप नहीं है, जो हाल के वर्षों में हमने वित्तीय बाजारों में देखे हैं। भारत के वित्तीय बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ने से बदलाव की संभावना है। पिछले तीन वर्षों में जब भी देश से पूंजी का बाहिर्गमन हुआ है, खुदरा निवेशकों ने ही मदद की है। कैपिटल गेन टैक्स में वृद्धि निवेशकों को विरोधाभासी संकेत दे सकती है तथा शेयर बाजार के आधार को बढ़ाने के बड़े नीतिगत लक्ष्य के विरुद्ध दिख सकती है। मगर राजकोषीय हिसाब-किताब के लिहाज से बजट के आंकड़े प्रभावशाली हैं। राजकोषीय विवेक के साथ चलते रहना होगा और केंद्र सरकार के ऋण और घाटे को राजकोषीय जवाबदेही और बजट प्रबंधन अधिनियम के अनुरूप कम करना होगा



## पेनेलोपी स्फीरीस- रॉक डॉक्यूमेंट्री

2 दिसम्बर 1945 को अमेरिका में जन्मी पेनेलोपी को अक्सर 'रॉक एंड रोल अंथ्रॉपोलोजिस्ट कहा जाता है। 10 पुरस्कार पाने वाली पेनेलोपी स्फीरीस अपनी फिल्मों की थीम सीधे जीवन से उठाती हैं। 10 पुरस्कार पाने वाली पेनेलोपी स्फीरीस अपनी फिल्मों की थीम सीधे जीवन से उठाती हैं। 2 दिसम्बर 1945 को अमेरिका में जन्मी पेनेलोपी को अक्सर 'रॉक एंड रोल अंथ्रॉपोलोजिस्ट' कहा जाता है। उन्होंने अपनी पहली फीचर फिल्म न बना कर डॉक्यूमेंट्री बनाई। इसे उन्होंने उपेक्षित लॉस एंजेलेस पंक रॉक सीन से उठाया, 1981 की इस फिल्म का नाम है, 'द डिक्लाइन ऑफ वेस्टर्न सिविलाइजेशन' पहली ही बार में ही उन्हें आश्चर्यजनक प्रशंसा मिली। इसे नेशनल फिल्म प्रिजर्वेशन बोर्ड का पुरस्कार मिला। इस फिल्म को नेशनल फिल्म रजिस्ट्री ने लाइब्रेरी ऑफ कॉन्ग्रेस 'सांस्कृतिक, ऐतिहासिक या कलात्मक' विशिष्टता के लिए चुना है।चार बच्चों में सबसे बड़ी पेनीलोपी ने मनोविज्ञान एवं फिल्म की पढ़ाई की। लोग सोचते थे स्त्रियां भला क्या फिल्म बनाएंगी उसमें भी डॉक्यूमेंट्री बनाना उनके बस का कदापि नहीं है। उन्होंने उन लोगों को मुंहतोड़ उत्तर दिया है, जो कहते हैं कि डॉक्यूमेंट्री फिल्म से बात नहीं बनती है। पेनेलोपी ने डॉक्यूमेंट्री के कथानक को फीचर फिल्म में रूपांतरित किया और 1983 में 'सबबिर्या' बनाई। यह एक गुस्से से भरे हुए हताश किशोर की कहानी है जो भाग कर लॉस एन्जेल्स की सीमा पर एक उजाड़ घर में शरण लेता है। उसी स्थान से हो कर फ्रीवे का निर्माण होना है। सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्म के कई दृश्य रोंगटे खड़े कर देते हैं, जैसे कि पहला दृश्य जहां जंगली कुत्ते एक शिशु को जघन्यता से चीर डालते हैं। इसी तरह की कई क्रूर घटनाएं पूरी फिल्म में आई हैं। कुत्तों द्वारा चीरे जाते बालक को उसकी मां और शैला दोनों देखती हैं। शैला अपने पिता के यौनाचार से बचने के लिए घर से भागी है और जिसे बच्चे की मां ने सहायता दी है। इसी घर में अपनी मां के अत्याचारों से घबरा कर भागा हुआ एथान है, जोश है जो अपने समलैंगी पिता के कारण घर छोड़ आया है। ये सारे युवा अपने माता-पिता द्वारा छोड़ दिए गए हैं, या यूं कहें उनके माता-पिता को अपनी दुनिया से फुरसत नहीं है कि अपने बच्चों पर ध्यान दें। जैक का सौतेला पिता एक पुलिस है। इसी पुलिस वाले की कार इस ग्रुप का वाहन है, ये लोग लूटपाट से अपना जीवन यापन करते हैं और संग रह कर खुश हैं। मगर असल में ये कितने खुश हैं, यह देखना होगा। शैला आत्महत्या करती है। उसके शव को अन्य बच्चे उसके माता-पिता को सौंपते हैं जो माता-पिता इन बच्चों को उसके अंतिम संस्कार में शामिल नहीं होने देते हैं। असल में इस फिल्म में पेनेलोपी स्फीरीस ने अपने बचपन की कहानी कही है, जहां उन पर उन कामों के दोष भी मढ़े जाते थे जो उन लोगों ने नहीं किए होते थे। उनका बचपन खुद सबबिर्या में बीता था। खुद को मूल्यों के रखवाले घोषित करने वाले पड़ोसियों ने उन लोगों को समाज से निकाल दिया था। इस फिल्म में वे ढकोसले भरी जिंदगियों को दिखाती हैं और समाज से निकाले गए बच्चों और उनके द्वारा किए गए उत्पातों का दोष समाज को देती हैं।1985 में पेनेलोपी की दूसरी फिल्म 'द बॉयज नेक्स्ट डोर' आई इसमें भी वे हाई स्कूल के दो लड़कों को दिखाती हैं जो अपने ग्रेजुएशन के ठीक तीन दिन पहले लॉस एन्जेल्स जाते है और वहां मारकाट करते हैं। अगले साल उन्होंने एक कॉमेडी और एक्शन का मिश्रण 'हॉलीवुड वाइस स्क्वाड' बनाई। यहां भी वे परिवार की दुर्दशा दिखाती हैं। इस फिल्म में एक मां अपनी खोई हुई बेटी को खोजने लॉस एन्जेल्स जाती है और पाती है कि उसकी बेटी नशे की आदी है और पोर्नोग्राफी के व्यापार में जुड़ी हुई है। एक युवा महत्वाकांक्षी जासूस इस अड्डे का भंडाभोड़ करता है। एक साल बाद 1987 में उन्होंने 'डड्स' का निर्देशन किया। यह फिल्म पंक्स (निकम्मे) के एडवैंचर्स को दिखाती है। ये निकम्मे लोग जब दुनिया के समाप्त होने की प्रतीक्षा करते-करते उकता जाते हैं तो पश्चिम की ओर प्रवास कर जाते हैं।ये लोग सड़क किनारे अपना डेरा डालते हैं जहां उन पर एक दूसरा गुट आक्रमण करता है और इनमें से एक को मार कर भाग जाता है। बचे हुए दो लोगों का पीछा करते हुए कथावाचक हत्यारों की तलाश करता है। 1988 की फिल्म 'थंडर एंड मड' कीचड़ में कुश्ती करने वाली महिलाओं पर 1988 में पेनेलोपी ने 'थंडर एंड मड' का निर्देशन किया। इसके बाद वे काफी समय तक टेलीविजन से जुड़ी रहीं। इससे प्राप्त रकम से वे अपने मनमाफिक काम डॉक्यूमेंट्री बनाने में जुट गईं। 1994 में बच्चों को ले कर उन्होंने 'द लिटिल रास्कल्स' फिल्म बनाई जिसकी खूब आलोचना हुई क्योंकि इसमें उन्होंने वयस्कों के मजाक बच्चों के मुंह से कहलवाए हैं। फिल्म लिंग भेदभाव को भी दर्शाती है। 1996 में पेनेलोपी ने 'ब्लैक शीप' बनाई और 1998 में 'सेन्सलेस' कॉमेडी निर्देशित की। इसके बाद एक बार फिर ये डॉक्यूमेंट्री बनाने की ओर मुड़ गईं। ओज फेस्टिवल पर 2001 में 'वी सोल्ड आवर सोल्स टू रॉक एंड रोल' बनाई जिसमें 1999 के घुमक्कड बैंड्स को इन्होंने अपनी थीम बनाया। बैंड वालों ने खुद इस डॉक्यूमेंट्री को बनाने में सहायता की। इसे कई फिल्म समारोहों में सर्वोत्तम डॉक्यूमेंट्री का खिताब मिला। 2005 में फिर से ये एक बार फिल्म की ओर लौटी और 'द किड एंड आई' बनाई। इसमें कैलीफोनिया के गवर्नर, बास्केटबॉल स्टार और बहुत सारे लोगों ने बड़े प्रेम से काम किया है। यह बहुत प्रेम से बनाई गई एक फिल्म है।



## संविधान हत्या दिवस' में राजनीतिक प्राणतत्व कितना

वह अपने इस आरोप को बेखौफ दोहरा रही है कि संविधान के मामले




में भाजपा का रवैया 'मुंह में राम बगल में छुरी' वाला है। मौका देखकर वह वही करेगी, जिसकी आशंका लोगों के मन में है। आशय यह कि भाजपा देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है। इसकी टेस्टिंग वह जब तब करती रहती है। देश में हालिया लोकसभा चुनाव और उसके बाद भी कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने भाजपा को संविधान बदलने के मुद्दे पर जिस तरह से घेरा है, मोदी सरकार द्वारा 25 जून को हर साल 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने की अधिसूचना बेशक तगड़ा और तात्कालिक राजनीतिक पलटवार तो है, लेकिन इससे भाजपा को कोई बड़ा दीर्घकालीन सियासी मिल सकेगा, इसमें संदेह है। इस अधिसूचना का मुख्य उद्देश्य संविधान बदलने के सवाल पर उस कांग्रेस पर ही ठीकरा फोड़ना है, जिसे भाजपा अब 'सौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली' की तर्ज पर कटघरे में खड़ा करना चाह रही है। भाजपा का कहना है कि खुद कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए कई बार संवैधानिक मर्यादाओं को भंग किया, लोकतंत्र को कुचला, ऐसे में उसे भाजपा की नीयत पर उंगली उठाने का कोई नैतिक हक नहीं है। यानी कि वह भाजपा को घेरने की जगह पहले अपने गिरेबान में झांके। हमने तो घोषित तौर वैसा कुछ भी नहीं किया है, जो कांग्रेस ने डंके की चोट पर किया। बावजूद इसके बदली हुई राजनीतिक परिस्थिति में कांग्रेस इस मुद्दे पर कहीं से भी रक्षात्मक नजर नहीं आ रही है।वह अपने इस आरोप को बेखौफ दोहरा रही है कि संविधान के मामले में भाजपा का रवैया 'मुंह में राम बगल में छुरी' वाला है। मौका देखकर वह वही करेगी, जिसकी आशंका लोगों के मन में है। आशय यह कि भाजपा देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है। इसकी टेस्टिंग वह जब तब करती रहती है।




# डूबने से बचाव हेतु सुरक्षा के उपाय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक) भदोही।** .जिलाधिकारी विशाल सिंह ने डूबने से बचाव हेतु



सुरक्षा के उपाय के सम्बन्ध में अवगत कराया है कि यदि तैरना न आता हो तो नदीए नहरए नालेए तालाब आदि में कदापि न जाएं एवं अपने स्वजन को भी जाने से रोकें। बच्चों को पुलिया एवं ऊंचे टीलों से पानी में कूद कर स्नान करने से रोकें। अति आवश्यक हो तो ही पानी में उतरें एवं गहराई का ध्यान रखें। ओवरलोडेड नौकाओं में न बैठें। कोशिश करें किसी नदीए पोखरए तालाब या जल स्रोत में सामूहिक रूप से स्नान करने जाते समय साथ में 10.15 मीटर लंबी रस्सी या धोतीध्साड़ी अवश्य रखें। नदियोंए नहरोंए जलाशयों या अन्य जल स्रोतों के पास लिखी हुई चेतावनी की अवहेलना न करें। छोटे बच्चों को घाटों एवं जल स्रोतों के समीप न जाने दें। किसी के उकसावे में आकर पानी में छलांग न लगाएं। नदियों या अन्य जल स्रोतों के घाटों पर रीति.रिवाजों एवं संस्कारों का निर्वहन करते समय सावधानी बरतें। नदी या तालाब में तैरतेध्स्नान करते समय स्टंट न करेंए सेल्फी आदि न लें ऐसा करना जानलेवा हो सकता है। उन्होंने समस्त ग्राम प्रधानों एवं नागरिकों से अपील किया है कि नदियांए तालाबों अथवा अन्य जल स्त्रोतों के पास बच्चों को न जाने दें। जल स्त्रोतों में डूबने के कारण जनहानि होती है। इस लिए सतर्कता बरतने और जागरुकता फैलाने का हरसंभव प्रयास करें। उक्त सम्बन्ध में उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि अगर किसी प्रकार की घटना घटित होती है तो 108 एम्बुलेंसए 112 पुलिस सहायता एवं 1070 राहत आपदा कंट्रोल रुम पर सूचना अवश्य दे। उक्त के सन्दर्भ में किसी प्रकार की घटना घटित होती है तो सहायता राहत राशि मृत्यु होने पर 04 लाख ;पोस्टमार्टम एवं पंचनामा अनिवार्यद्धए शारीरिक दिव्यांग होने पर 74000 से 2.5 लाखए मकान की क्षति होने पर 4000 से 1.2 लाखए पशु की मृत्यु होने पर 4000 से 37500ए फसल की क्षति होने पर 8500 से 22.500 की धनराशि देय है।

# क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में सर्विलांस टीम व थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध रूप से नाजायज गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के 09 सदस्यों को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक) सीतापुर ।** अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री प्रकाश कुमार के निकट



पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर श्री सतीश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में सर्विलांस टीम व थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध रूप से नाजायज गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के 09 सदस्यों को गिरफ्तार करने सफलता हासिल की है। जिनसे मौके से तस्करी में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन क्रमशः टोयोटा इटियोस 4970 व हुंडई क्रेटा ळड्32व्इ9101 से अलग-अलग 06 बोरियो में कुल 01 क्विंटल 04 किलो 847 ग्राम (मय नमूना 957 ग्राम) अवैध गांजा तथा विक्रय किये हुए गांजा से प्राप्त कुल 52,000/- रुपये नकद बरामद हुए व एक अदद इनोवा क्रिस्टा बिना नंबर प्लेट थाना खैराबाद में सीज की गयी है जिसके इस गिरोह से संबंध की जानकारी की जा रही है। संक्षिप्त विवरण- दिनांक 25.07.24 को सर्विलांस टीम व थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा कसरैला की ओर से आ रही दो संदिग्ध कारो को रोकने का प्रयास करने पर उनके द्वारा भागने का प्रयास किया गया जिस पर पुलिस टीमो द्वारा रेलवे क्रासिंग के पहले आनन्दी देवी स्कूल के पास से घेर कर कार को रुकवा लिया गया। अगली कार इटियोस ळड्32ख्ख4970 में मौजूद 04 व्यक्तियों 1.देवेन्द्र उर्फ़ मोनू शुक्ला पुत्र बृजबिहारी लाल शुक्ला निवासी बंडिया थाना रामकोट जनपद सीतापुर हाल पता कृष्ण लोक नगर फैजुल्लागंज थाना मडियांव जनपद लखनऊ 2.अनुज कुमार द्विवेदी पुत्र राजबहादुर निवासी फिरोजपुर थाना तिर्वा जनपद कननैज हालपता 234 कृष्णलोक कालोनी फैजुल्लागंज थाना मड़ियाव जनपद लखनऊ 3.आशीष शुक्ला पुत्र उमाशंकर शुक्ला निवासी ग्वालमंडी थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर 4.अमित कुमार दीक्षित पुत्र जगदीश दीक्षित निवासी ब्राह्मपुरी आंख अस्पताल के पीछे कोतवाली नगर जनपद सीतापुर तथा दूसरी गाड़ी हुंडई क्रेटा में मौजूद 05 व्यक्तियों1.विवेक तिवारी पुत्र कन्हैयालाल तिवारी उम्र 38 वर्ष निवासी मेहपुरवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच हाल पता बहादुरनगर थाना सदर जनपद लखीमपुर खीरी 2.सुभाष तिवारी पुत्र महेंद्र तिवारी निवासी बरगांवां थाना पिसावां जनपद सीतापुर हाल पता आनंद बिहारी कालोनी थाना रामकोट जनपद सीतापुर 3.अनुराग अवस्थी पुत्र जय प्रकाश अवस्थी निवासी ग्वालमंडी थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर हालपता मकान न0 537/519 भरतनगर थाना माड़ियाव जनपद लखनऊ 4.प्रसून तिवारी उर्फ सोनू पुत्र उमाकांत तिवारी निवासी मधवापुर थाना रामकोट जनपद सीतापुर 5.शिवम द्विवेदी पुत्र राज बहादुर द्विवेदी निवासी मकान न0 234 कृष्ण लोक नगर फैजुल्लागंज जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया है। श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर महोदय की उपस्थिति में दोनो कार से चेकिंग में कार की डिग्गियो में बोरियो में प्लास्टिक की पननी जिस पर टेप लिपटे हुए पैकिटो में गांजा (कुल 01 क्विंटल 04 किलो 847 ग्राम (मय नमूना 957 ग्राम) बरामद हुआ है।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## अक्षय कुमार भी हो चुके हैं प्रोड्यूसर्स की धोखाधड़ी का शिकार, बताया पेमेंट क्लियर न होने पर कैसे करते हैं डील


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में एक्टर्स अक्सर मेकर्स पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हैं। कई बार काम करवाने के बाद प्रोड्यूसर पैसे देने में आनाकानी करने लगते हैं। इस तरह की परेशानी का सामना सिर्फ छोटे नहीं बल्कि कई सुपरस्टार्स भी कर चुके हैं। इनमें अक्षय कुमार का नाम भी शामिल है। एक्टर ने हाल ही में पैसों को लेकर अपने साथ हुई धोखाधड़ी का चौंकाने वाला खुलासा किया अक्षय कुमार ने बताया कि वे अपने करियर में कुछ निर्माताओं द्वारा वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हो चुके हैं। एक्टर ने ये भी बताया कि वो इस तरह के सिच्युएशन को कैसे डील करते हैं।अक्षय कुमार अपनी मेहनत और अनुशासन के लिए जाने जाते हैं। इन दिनों वो अपनी फिल्म सरफिरा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस बीच यूट्यूब पर एंटरटेनमेंट की सरफिरी बातें के एक नए एपिसोड के दौरान एक्टर ने अपने करियर में पैसों को लेकर धोखा खाने के बारे में बताया। अक्षय कुमार ने कहा, ठएक दो प्रोड्यूसर की पेमेंट नहीं आती है और ये सिर्फ धोखा होता है। उन्होंने अभी तक मेरा बकाया नहीं चुकाया है। उसके बाद मैं उनसे बात ही नहीं करता, चुप हो जाता हूं और साइड से निकल जाता हूं। अक्षय कुमार ने एक अन्य इंटरव्यू में फिल्मों के फ्लॉप होने को लेकर बात की। 2024 में बड़े मियां छोटे मियां के बाद उनकी दूसरी फिल्म सिरफिरा भी खराब बिजनेस कर रही है। ऐसे में एक्टर ने फोर्ब्स इंडिया के साथ बातचीत में कहा, ठहर फिल्म के पीछे बहुत सारा खून-पसीना और जुनून होता है। किसी भी फिल्म को असफल होते देखना दिल तोड़ने वाला होता है, लेकिन आपको सकारात्मक पहलू भी देखना सीखना होगा। हर असफलता आपको सफलता का मूल्य सिखाती है और इसके लिए आपकी भूख को और भी बढ़ाती है।



## 'केजीएफ 3' के लिए प्रशांत नील लेकर आ रहे बड़ा ट्विस्ट यश की फिल्म में अजित कुमार की हुई एंट्री

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रशांत नील साउथ सिनेमा के वो डायरेक्टर हैं, जिन्होंने बैक टू बैक दो हिट फिल्में डिलीवर की हैं। 'केजीएफ' और





'सालार' उनके डायरेक्शन में बनी वह मूवीज है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर आते ही तहलका मचा दिया। फैंस अब 'केजीएफ 3' और 'सालार 2' की रिलीज के इंतजार में हैं। इसमें से 'केजीएफ 3' को लेकर एक धमाकेदार खबर सामने आई है। 'केजीएफ 3' को लेकर आई बड़ी खबर यश, साउथ सिनेमा के रॉकिंग स्टार माने जाते हैं। 'केजीएफ' फिल्म में उनकी एक्टिंग और डायलॉग का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोला। 'केजीएफ' फिल्म के दूसरे पार्ट में यश का डायलॉग- 'वायलेंस, वायलेंस, वायलेंस! आई डोंट लाइक, आई अवॉइड इट, बट वायलेंस लाइक्स मी' आज भी लोगों की जुबान पर है। जहां फैंस एक बार फिर यश की धमाकेदार परफॉर्मेंस को केजीएफ के तीसरे पार्ट में देखने के लिए उत्साहित हैं, वहीं उनके लिए सोने पर सुहागा वाली एक खबर सामने आई है।एक्टर यश केजीएफ फिल्म के बाद जबरदस्त तरीके से पॉपुलर हुए हैं। इस मूवी के बाद फैंस को इसके अगले पार्ट का इंतजार है। यश टॉक्सिक फिल्म को लेकर सुखियों में छाए हुए हैं। इसके अलावा उनके आने वाली फिल्मों में शामिल केजीएफ 3 को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है जो फैंस के लिए सोने पर सुहागा है। बताया जा रहा है कि 'केजीएफ 3' में अजित कुमार की एंट्री हो रही है। अगर ऐसा होता है, तो यह साउथ सिनेमा लवर्स के लिए बहुत बड़ा ट्विस्ट होगा। 'गरुड़ा' और 'अधीरा' के बाद केजीएफ के नेकस्ट पार्ट में अजित कुमार विलेन के रूप में नजर आएंगे।

## हॉस्पिटल से घर आने के बाद जाह्नवी कपूर को है शेर खाने का मन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अक्सर अपने गुड लुक्स के लिए लोगों की तारीफ सुनती हैं। इसके एक व्यक्ति उनसे पूछता है, 'अब ये बकरी क्या करेगी' इस पर जाह्नवी कहती हैं कि पूरा का पूरा शेर खा जाएगी। इसके बाद 'धड़क' एक्ट्रेस



अलावा वह फैशन के मामले में भी अप टू डेट रहती हैं। हालांकि, इन दिनों ये खूबसूरत अदाकारा किसी और वजह से सुखियों में है। जाह्नवी कपूर की हाल ही में फूड प्वॉइजनिंग के कारण तबियत खराब हो गई थी, जिस वजह से उन्हें तीन दिन तक अस्पताल में रहना पड़ा। हालांकि, अब वह वापस आ गई हैं और इसी के साथ फैंस को उनका वही पुराना जॉली मूड भी देखने को मिला है। एक्ट्रेस ने एक फनी वीडियो शेयर किया है, जिस पर लोगों ने कई तरह के कमेंट किए हैं। एक्ट्रेस ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें गॉगल्स और ब्लू शॉर्ट ड्रेस में नजर आती हैं। इस वीडियो में जाह्नवी ने अपनी मस्तीभरी अदाएं दिखाई हैं। कई यूजर्स ने जाह्नवी कपूर की तारीफ की है। एक ने लिखा, 'ये जाह्नवी का एरा है।' एक अन्य ने कमेंट किया, 'जाह्नवी कपूर के साथ एक शूट मेनिफेस्ट कर रहा हूं।जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्मों की बात करें, तो 'उलझ' रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस की ये मूवी गुलशन देवैया का साथ होगी। सुधांशु सारिया के डायरेक्शन में बनी 'उलझ' 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## मैं जाह्नवी और खुशी जितनी यंग नहीं दिखती', सोनम कपूर ने कम उम्र वाले किरदार ऑफर होने पर कही ये बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा सोनम कपूर ने हाल ही



में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि वो फिल्मों में डि-एज्ड होने के पक्ष में नहीं हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें अब तक कई ऐसी फिल्मों के ऑफर आ चुके है, जिनमें उन्हें उनकी उम्र से काफी कम एज वाले किरदार अदा करने थे, जो सोनम कपूर को थोड़ा अजीब लगा। सोनम कपूर ने हाल ही में द डर्टी मैग्जीन के साथ इंटरव्यू में आनंद आहूजा संग अपनी शादी और अपने बेटे वायु के जन्म के बाद से शारीरिक बदलावों समेत अपनी निजी जिंदगी के बारे में खुलकर बात की।39 साल की सोनम कपूर ने अपनी उम्र को चुनौती देने वाले किरदार मिलने के बारे में बताते हुए कि ऐसे रोल ऑफर होना जो 20-21 साल की लड़की के लिए बने हैं खुश करने वाला होता है, लेकिन उन्हें अजीब लगता है। हालांकि, सोनम कपूर को इस बात की खुशी है कि लोग अभी भी उन्हें एक ऐसे शख्स के तौर पर देखते हैं जिसकी उम्र ज्यादा नहीं बढ़ी है। सोनम ने कहा, हालांकि ये अजीब है क्योंकि मुझे जो किरदार मिल रहे हैं वे अभी भी 20 साल के करीब वाले हैं। मुझे हाल ही में एक लड़की की भूमिका की पेशकश की गई, जिससे उसके माता-पिता शादी करवाना चाहते हैं। मैंने बस यही सोचा, क्या आप सच में मुझे ये फिल्म ऑफर करना चाहते उन्होंने आगे कहा इसका कोई मतलब नहीं है। एक और रोल ऑफर हुआ, जो स्कूल में पढ़ने वाली एक लड़की की थी, जो एक खिलाड़ी बन जाती है। मुझे लगा कि ये रोल किसी यंग एक्ट्रेस और मेरे बीच बटी होगी, लेकिन वे मुझे दोनों के लिए चाहते थे! उन्होंने कहा, हम इसे मैनेज कर लेंगे। मैंने कहा, मैं ऐसे काम नहीं कर सकती, क्योंकि अब वो डी-एज्ड दिखा सकते हैं। मैं उम्र कम नहीं करना चाहती! क्या आप मेरी उम्र कम करने की कल्पना कर सकते हैं।कजिन सिस्टर्स जान्हवी कपूर और खुशी कपूर का उदाहरण देते हुए उन्होंने आगे कहा, ठमेरा मतलब है, जाहिर है कि मैं जान्हवी या खुशी जितनी यंग नहीं दिखती, लेकिन मैं इस बात के लिए बहुत खुश हूं कि लोग मुझे एक ऐसे इंसान के रूप में देखते हैं जिसकी उम्र ज्यादा नहीं है। भले ही मेरा एक बच्चा हो। मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि मेरा बच्चा दुनिया के सामने नहीं आया है और मैं इसे ऐसे ही रखना चाहती हूं।

## क्वीन ऑफ क्वींस में दिखेगा काजोल का एक्शन अवतार, कई भाषाओं में होगी रिलीज



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बाजीगर, कुछ कुछ होता है, गुप्त और फना जैसी फिल्मों से अभिनेत्री काजोल ने हिंदी सिनेमा के अपने 32 वर्ष के पेशेवर सफर में अभिनय के कई रंग दिखाए। हालांकि, इस बीच उनके हिस्से में कभी एक्शन नहीं आया। अब वह अपने पेशेवर सफर की पेंटिग में एक्शन के रंग बिखेरने के लिए भी तैयार हैं। तेलुगु निर्देशक चरण तेज उप्पलपति के साथ काजोल अपनी पहली अखिल भारतीय फिल्म महारंगिनी : क्वीन आफ क्वींस कर रही हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर सामने आया, जिसमें काजोल उग्र अंदाज में दिखी।फिल्म के निर्देशक चरण तेज के अनुसार, फिल्म के सेट पर उतरने से पहले काजोल ने एक्शन को लेकर बाकायदा तैयारी की। उनके एक्शन में इमोशन भी होगा। फिल्म में काजोल मुंबई की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी में पली बढ़ी महिला माया की भूमिका में होंगी। जो झोपड़पट्टी से निकलकर महाराष्ट्र की सबसे ताकतवर महिला बनती है। इस फिल्म की कहानी का केंद्रीय विषय संतान का अपने माता-पिता से प्यार करना है। फिल्म की कहानी के माध्यम से भी यही संदेश देने की कोशिश की गई है। इस फिल्म की शूटिंग बीती फरवरी में हैदराबाद में हुई थी।काजोल के साथ नसीरुद्दीन शाह, प्रभु देवा और जीसू सेनगुप्ता अभिनीत इस फिल्म को हिंदी में बनाया जा रहा है। हिंदी के साथ-साथ फिल्म को तेलुगु, तमिल, मलयालम और कनन्ड़ में भी प्रदर्शित करने की योजना है। इस फिल्म के अंतिम शेड्यूल की शूटिंग जल्द ही मुंबई में शुरू होगी।

## पत्नी ऐश्वर्या से सेपरेशन के बाद धनुष ने ससुर के घर के पास बनाया बंगला न्यारा, क्यों भड़क रहे हैं फैंस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** थलाइवा रजनीकांत और धनुष का एक-दूसरे से पुराना नाता है। वह साउथ सुपरस्टार





की बड़ी बेटी और फिल्ममेकर ऐश्वर्या रजनीकांत के एक्स हसबैंड हैं। 20 साल तक एक-दूसरे के साथ अपनी जिंदगी बिताने के बाद उन्होंने साल 2022 में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर म्यूचल अलग होने की जानकारी दी थी, लेकिन अब तक दोनों का तलाक नहीं हुआ है। इस बीच ही अब तमिल स्टार धनुष रजनीकांत के पड़ोसी बन चुके हैं, उन्होंने चेनन्ई में एक्टर के घर के पास एक नया आशियाना खरीदा है। हालांकि, इस बंगले को खरीदने के बाद अब वह सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल हो रहे हैं।इसकी वजह रजनीकांत का पड़ोसी बनना नहीं, बल्कि कुछ और है। हाल ही में उन्होंने ऐसी स्पीच दी, जिससे वह लोगों के निशाने पर आ गए। 16 साल की उम्र में धनुष ने देखा था सपना बीते दिनों धनुष ने अपनी फिल्म 'रायन' का म्यूजिक लॉन्च किया। इस इवेंट के दौरान ही धनुष ने रजनीकांत के घर के बगल में बंगला लेने की बात भी छेड़ दी।ठएक छोटी सी कहानी है इस घर को खरीदने के पीछे की। जब मैं 16 साल का था, मैं और एक दोस्त कैथल रोड (ण्पहर्हेग) में बाइक से कहीं जा रहे थे। आप सब जानते हैं कि मैं किसका फैन हूं। मैं उस वक्त थलाइवा का घर देखना चाहता था। मैंने किसी से पूछा कि रजनी सर का घर कहां है, उसने हमें डायरेक्शन बताया हम चलते गए। हमने देखा कि उस इलाके में बहुत सारे पुलिस ऑफिसर हैं। हमने एक से पूछा तो उन्होंने रजनीकांत के घर का रास्ता गाइड किया, लेकिन हमें कहा कि घर देखकर तुरंत निकल जानाठ। दइस इवेंट पर बातों ही बातों में धनुष ने ये भी कह दिया कि रजनीकांत और जयललिता का घर देखकर उन्होंने ये सोच लिया था कि वह इस पॉश इलाके में एक न एक दिन घर खरीदेंगे। धनुष ने कहा कि आज उन्होंने 16 साल के बच्चे के देखे उस सपने को पूरा किया और ये घर खुद को गिफ्ट किया। अब उनकी ये बात कुछ लोगों को तो काफी प्रेरित कर रही है, लेकिन सोशल मीडिया पर मौजूद कुछ लोगों को ये भी लग रहा है कि धनुष इंडस्ट्री का होने के बावजूद खुद को आउटसाइडर दिखाने की कोशिश में लगे हुए हैं। जिसकी वजह से लोग उन्हें खरी-खोटी सुना रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, ठरजनीकांत और जयललिता खुद स्टार बने हैं, वह कोई नेपो किड नहीं हैं। हिम्मत कैसे हुई उनकी तुलना खुद के साथ करने की। दूसरे यूजर ने लिखा, इनको लगता है कि ये रजनी सर हैं, ये बहुत ही ओवर हो रहा है। एक और अन्य यूजर ने लिखा, मुझे धनुष पसंद है बतौर अभिनेता , लेकिन मैं ये सोचकर दुखी हो रहा हूं कि ये अब भी रजनी सर को इम्प्रेस करने में क्यों लगा हुआ है। क्या पोएस गार्डन में घर लेना इतना बड़ा मुद्दा है, मुझे नहीं लगता।

## विक्की कौशल-तृप्ति डिमरी के लिए बॉक्स ऑफिस पर आई 'बैड न्यूज' धड़ाम हुआ कलेक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विक्की कौशल-तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की फिल्म बैड न्यूज की शुरुआत बॉक्स ऑफिस पर



ठीकठाक हुई थी। एक महिला के जुड़वा बच्चों के अलग-अलग पिता के कांसेप्ट वाली ये स्टोरी लोगों को बेहद पसंद आ रही है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन में बनी 'बैड न्यूज' के लिए वीकेंड गुड न्यूज लेकर आया और फिल्म का खाता खचाखच भरा। सोमवार और मंगलवार भी फिल्म के लिए बॉक्स ऑफिस के मायनों से काफी अच्छा रहा।हालांकि, अब रिलीज के छठे दिन पर मूवी की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई थोड़ी घट गयी है, जो मेकर्स के लिए एक चिंता का विषय बन सकता है। विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की फिल्म ने पहले वीकेंड के अंदर तकरीबन 30.62 करोड़ का बिजनेस किया था। आनंद तिवारी की इस फिल्म का बजट 80 करोड़ तक का बताया जा रहा है। पहले वीकेंड के बाद सोमवार और मंगलवार को भी सिंगल डे पर फिल्म ने साढ़े तीन करोड़ से अधिक का बिजनेस किया था, जो तीनों स्टार का जिस तरह की फैंडम है, उसे देखते हुए ठीक-ठाक ही रहा। अब रिलीज के छठे दिन यानी कि बुधवार को 'बैड न्यूज' के कलेक्शन में थोड़ी गिरावट आई है। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिलीज के छठे दिन डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर विक्की कौशल की फिल्म की सिंगल डे पर टोटल 3.15 करोड़ तक हुई है और इंडिया में मूवी का नेट कलेक्शन 40.1 करोड़ तक पहुंच चुका है एमी विर्क और विक्की कौशल स्टारर ये फिल्म इंडियन बॉक्स ऑफिस से ज्यादा तेज दुनियाभर में दौड़ रही है। एक हफ्ता होने से पहले रोमांटिक कॉमेडी मूवी बैड न्यूज ने वर्ल्डवाइड टोटल 66.15 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। ओवरसीज मार्केट में मूवी ने टोटल 22 करोड़ के करीब की कमाई की है। बैड न्यूज की कहानी की बात करें तो ये हेट्रोपैटरनल सुपरफेंकडेशन जैसी मेडिकल कंडीशन पर बेस्ड है। एमी विर्क और विक्की कौशल के बीच की जुगलबंदी इस फिल्म की यूएसपी है।

## स्प्लिट्सविला 5 के फिनाले से कुछ दिन पहले शो में हुई जन्नत जुबैर फैजू की एंट्री अब बढ़ेंगी मुश्किलें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एमटीवी का डेटिंग शो स्प्लिट्सविला एक्स फाइव अपने अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ रहा है। सनी लियोनी और तनुज वीरवानी के इस शो में टोटल 33 में से 16 कंटेस्टेंट बचे हुए हैं। आकृति नेगी से लेकर अनिका शर्मा और जसवंत बोपनन, सिवित तोमर और दिग्विजय सहित इस सीजन के मजबूत कंटेस्टेंट्स में से एक है। इस शो में सर्वाइव करने के लिए कंटेस्टेंट्स को जोड़ियों में पार्टिसिपेट करना होता है। अब ये डेटिंग शो अपने ग्रैंड फिनाले की तरफ बढ़ चुका है।ग्रैंड फिनाले से कुछ हफ्तों दूर इस शो में हाल ही में जनन्त जुबैर और उनके खास दोस्त और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजू मलिक खास मेहमान बनकर पहुंचे, जिन्होंने आते ही सभी कंटेस्टेंट की सिट्टी-पिट्टी गुल कर दी। क्या कंटेस्टेंट बनकर शो में आए हैं जनन्त-फैजू सोशल मीडिया पर्सनालिटी फैसल शेख उर्फ मिस्टर फैजू कथित तौर पर जनन्त जुबैर को काफी समय से डेट कर रहे हैं। दोनों ने अपने रिलेशनशिप पर कभी भी खुलकर बात नहीं की, लेकिन जब फैजू कलर्स के शो लाफ्टर शेफ अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में आए थे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।